दैनिक जागरण 02/03/2024

कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिए नौकरी पाने के टिप्स

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल, अंग्रेजी विभाग, मनोविज्ञान विभाग एवं आइआइएलएम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, वेदास क्योर प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआइ लाइफटाइम प्रो, सारथी लाइफ साइंस और क्योर वेल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया।

डा. रोहित दत्त

इस दौरान विद्यार्थियों को नौकरी पाने हेतु प्रेरित और तैयार रहने के लिए टिप्स दिए गए। मुख्य वक्ता के तौर पर डा. तृप्ति बाजपेई टूर असिस्टेंट प्रोफेसर मैनेजमेंट विभाग आइआइएलएम यूनिवर्सिटी रहीं। प्राचार्य ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्चतम जाब प्लेसमेंट के लिए मोटिवेट करना एवं विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना है। मुख्य वक्ता ने बेहद ही सरल भाषा में विद्यार्थियों को जाब प्लेसमेंट के सिलसिले में विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी, उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरव्यू के दौरान किस तरह आत्मविश्वास के साथ मुश्किल प्रश्नों का सामना करें, पर भी चर्चा की। इस दौरान कार्यशाला की संयोजक डा. अनुपमा सिहाग, सह संयोजक डा. अंशु सहित महक, जस्मिता, डा. चंद्रपाल पूनिया, श्याम रहेजा, उदिता, सुषमा, गुरप्रीत, प्रियंका, नेहा आदि मौजूद रहे। कालेज के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बीएससी सेकेंड ईयर के छात्र अक्षय और सुजल ने जीत दर्ज की। कालेज द्वारा उनको सम्मानित किया गया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त, फिजिक्स विभागाध्यक्ष डा. एसके पांडे, डा. कुलदीप यादव, डा. मीनू राठी, डा. नेहा, डा. नियति आदि मौजूद रहीं।

जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी एवं स्टाफ। • विज्ञप्ति